<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक-02.04.2025

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा देवा शरीफ मजार से चोरी हुए 05 माह के नवजात शिशु को 03 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत स्थित हाजी वारिस अली शाह दरगाह परिसर से दिनांक- 31/01.04.2025 की रात्रि 5 माह के नवजात बच्चे के चोरी हो जाने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर थाना देवा में मु0अ0सं0 199/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स, डिजिटल डेटा व सीसीटीवी कैमरा की मदद से त्वरित कार्यवाही करते हुए नवजात बच्चे को 03 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया गया एवं अभियुक्तगण 01. हसबुन शेख पत्नी अकबर अली व 2. अकबर अली पुत्र शेख गयासुद्दीन निवासीगण डुमरिया थाना उचकागांव जनपद गोपालगंज (बिहार) हालपता कल्याणपुर थाना गुड़म्बा जनपद लखनऊ को रेलवे स्टेशन माल गोदाम रोड, बाराबंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण जनपद लखनऊ के थाना गुड़म्बा क्षेत्रान्तर्गत कल्याणपुर में किराये के कमरे में रहते हैं। अभियुक्तगण द्वारा उक्त बच्चा दिनांक 01/02.04.2025 की रात्रि को कस्बा देवा स्थित हाजी वारिस अली शाह दरगाह परिसर में सो रही महिला के बगल से चुरा लिया था तथा अभियुक्तगण द्वारा चोरी किया गया बच्चा सऊदी अरब में अधिक कीमत पर बेंचने की योजना थी। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1. हसबुन शेख पत्नी अकबर अली निवासी डुमरिया थाना उचकागांव जनपद गोपालगंज (बिहार)
2. अकबर अली पुत्र शेख गयासुद्दीन निवासी डुमरिया थाना उचकागांव जनपद गोपालगंज (बिहार)

<u>पुलिस टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार त्रिपाठी थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. अतिरिक्त निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह थाना देवा जनपद बाराबंकी
3. म0उ0नि0 श्री रश्मि कुशवाहा थाना देवा जनपद बाराबंकी
4. उ0नि0 राजेश कुमार भारती थाना देवा जनपद बाराबंकी
5. हे0का0 कैलाश यादव, का0 अर्जुन सिंह थाना देवा जनपद बाराबंकी
6. का0 रिन्कू सिंह, का0 अरबिन्द मौर्या थाना देवा जनपद बाराबंकी
7. का0 सूरज जायसवाल, का0 मनीराम थाना देवा जनपद बाराबंकी